Bharat Temples

आज भोले नाथ की शादी है

आज भोले नाथ की शादी है
भोले नाथ की शादी है,
शिव शँभू की शादी है
आज भोले नाथ की शादी है.......

बनी है खूब जोड़ी,
शिव शक्ति की जोड़ी
खुशी से नाचे है मन,
मिला सजनी को साजन

हो ओ,,,लगता है जैसे सारे,
कैलाश की शादी है
आज भोले नाथ की शादी है......
गौरां यूँ मुस्कावे,

मुझे शँभू मिल जावे,
मेरी थी यही तमन्ना,
पूरी हुई मेरी तमन्ना
हो ओ,,,लगता है जैसे सारे,

ब्रह्माण्ड की शादी है
आज मेरे श्याम की शादी है.......

बड़ा शुभ लग्न महूर्त,
भोले की सुंदर मूर्त

कैसे संयोग बने हैं,
शिव पार्वती मिले हैं
हो ओ,,,लगता है जैसे सारे,
संसार की शादी है

आज मेरे श्याम की शादी है........
भोले का रूप निराला,
गले साँपों की माला
जटा से वहती गंगा,

माथे पे सोहे चंदा
हो ओ,,,लगता है जैसे सारे,
कैलाश की शादी है
आज भोले नाथ की शादी है..........

Source:
https://www.bharattemples.com/aaj-bhole-nath-ki-shadi-hai-bhole-nath-ki-shadi-hai-shiv-shambhu-ki-shadi-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw